श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 162, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

Akhand Bharat Sandesh

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार, 17 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# पहले दिन 1.91 लाख लोगों को लगी कोविड वैक्सीन

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोरोना महामारी के खिलाफ देश में दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के पहले चरण की शुरूआत की। पहले चरण में भारत में अग्रिम मोर्चों पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को टीके की पहली खुराक दी गई।**




**नई दिल्ली, जेएनएन।** महीनों से कोरोना का दंश झेल रहे देश के लिए शनिवार की सुबह नई उम्मीदें लेकर आई। 16 जनवरी से देश के तीन हजार से अधिक केंद्रों पर एक साथ शुरू हुए विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के पहले दिन ही 1,91,181 स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई कर्मियों और डाक्टरों को टीका लगाया गया। टीके से कुछ लोगों की मामूली रूप से तबीयत बिगड़ने की जानकारी भी मिली है। दिल्ली में एक व्यक्ति के एम्स में भर्ती कराना पड़ा। अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां विज्ञानियों और शोधकताओं की उपलब्धि से अभिभूत थे वहीं कोरोना काल में लोगों की तकलीफों को बयां कर भावुक भी हुए। पीएम ने दिन भर अभियान पर नजर रखी। अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि देश में लॉकडाउन लगाने का फैसला आसान नहीं था। उधर को-विन एप में गड़बड़ी के कारण महाराष्ट्र में सोमवार तक अभियान रोक दिया गया है। अभियान की शुरूआत के साथ लाखों जिंदगियां और रोजगार लीलने वाली इस महामारी के खात्मे की उम्मीद जगी है। भारत ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीके के साथ महामारी को मात देने के लिए पहला कदम उठाया है। खास बात यह कि जिन दो वैक्सीन से अभियान से शुरूआत की गई वे देश में ही निर्मित हैं और उसमें भी एक पूरी तरह स्वदेशी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पहले दिन 3351 सत्र में टीकाकरण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस महाअभियान में दोनों वैक्सीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। कोविशिल्ड की आपूर्ति सभी राज्यों में की गई है जबकि कोवैक्सीन केवल 12 राज्यों में भेजी गई है। चूंकि यह टीकाकरण का पहला दिन था इसलिए कुछ समस्याएं भी आईं। कुछ स्थानों पर लाभार्थी सूची अपलोड करने में देरी हुई... मंत्रालय ने बताया कि पहले दिन देशभर में कुल 16,755 कर्मचारियों ने इस महाभियान में मदद की।

भारत ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीके के साथ महामारी को मात देने के लिए पहला कदम उठाया है। खास बात यह कि जिन दो वैक्सीन से अभियान से शुरूआत की गई वे देश में ही निर्मित हैं और उसमें भी एक पूरी तरह स्वदेशी है। प्रधानमंत्री ने इसके लिए शोधकताओं और विज्ञानियों की सराहना करते हुए संकट काल में अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं का आभार जताया।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश का पहला टीका दिल्ली के एम्स के सफाई कर्मी मनीष कुमार को स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन की उपस्थिति में लगाया गया। टीका लगवाने के बाद मनीष ने बताया कि वे सुबह जब टीका लगवाने आए तो साथ के कई लोग घबरा रहे थे। इस पर अपने वरिष्ठों से बात कर उन्होंने सबसे पहले खुद टीका लगवाया। इसके बाद दूसरे नंबर पर स्वास्थ्य कर्मी धवल द्विवेदी ने टीका लगवाया।

पहले दिन टीका लगवाने वाले प्रमुख लोगों में एम्स दिल्ली के निदेशक रणदीप गुलेरिया, नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल, भाजपा सांसद महेश शर्मा और बंगाल के मंत्री निर्मल माजी शामिल रहे। पॉल कोरोना महामारी से निपटने के लिए चिकित्सा उपकरण एवं प्रबंधन को लेकर गठित अधिकार समूह के प्रमुख भी हैं।

अभियान की शुरूआत से पहले राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री कहा कि टीके की दो खुराक लेनी बहुत जरूरी है। इन दोनों के बीच लगभग एक महीने का अंतर होना चाहिए। उन्होंने टीका लेने के बाद भी लोगों से कोरोना संबंधी सभी दिशा-निदेर्शों का पालन करने का आग्रह किया और दवाई भी, कड़ाई भी का मंत्र दिया।

अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री उस वक्त भावुक हो गए जब उन्होंने कोरोना काल के दौरान लोगों को हुई तकलीफों, अपने प्रियजनों को खोने और यहां तक कि उनके अंतिम संस्कार तक में शामिल ना हो पाने के दर्द का जिक्र किया। रुंधे गले से प्रधानमंत्री ने महामारी के दौरान स्वास्थ्य यकद्गमयों और संक्रमण के जोखिम की आशंका वाले मोर्चे पर तैनात कर्मचारियों की कुर्बानियों को याद किया जिनमें से सैकड़ों की संक्रमण की वजह से मौत हो गई।

पूरे भारत में बड़े पैमाने पर टीकाकरण का रास्ता साफ करते हुए भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआइ) ने इस महीने की शुरूआत में ऑक्सफोर्ड-एस्ट्रेजेनेका द्वारा विकसित और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित कोविशील्ड और भारत बायोटेक द्वारा विकसित स्वदेशी कोवैक्सीन को आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी थी।

टीकाकरण के लिए खासतौर से बनाए गए को-विन एप में गड़बड़ी के कारण महाराष्ट्र में सोमवार तक टीकाकरण अभियान रोक दिया गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बताया कि महाराष्ट्र ही नहीं देश में सब जगह इस एप में गड़बड़ी आ रही है। समस्याओं के कारण हमने दो दिन के लिए टीकाकरण स्थगित कर दिया है। हमने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन को एप में गड़बड़ी की जानकारी दे दी है।

## पीएम मोदी ने हजार करोड़ के 'स्टार्टअप इंडिया सीड फंड' का किया एलान



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 1,000 करोड़ रुपये के 'स्टार्टअप इंडिया सीड फंड' का एलान किया। इसका उद्देश्य स्टार्टअप्स और नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा आयोजित 'प्रारंभ : स्टार्टअप इंडिया इंटरनेशनल समिट' को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि स्टार्टअप्स के विकास से रोजगार सृजन में सहायता मिलेगी और लोगों का जीवन बेहतर होगा। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16 जनवरी, 2016 को मोदी सरकार ने स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरूआत की थी।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में बिम्सटेक देशों की प्रतिभागिता देखने को मिली। सम्मेलन सम्मेलन के दूसरे दिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'स्टार्टअप्स को पूंजी की कमी नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। हमने स्टार्टअप्स को शुरूआती पूंजी उपलब्ध कराने के लिए सीड फंड लांच किया है। इससे नए स्टार्टअप के गठन और उनके विकास को गति देने में मदद मिलेगी।' इस सम्मेलन का आयोजन स्टार्टअप इंडिया पहल की पांचवीं सालगिरह के मौके पर किया गया। मोदी ने कहा कि इक्विटी कैपिटल जुटाने में स्टार्टअप की मदद के लिए फंड ऑफ फंड योजना लागू की गई है। सरकार डेट कैपिटल जुटाने में भी स्टार्टअप्स की मदद के लिए कदम उठा रही है। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसने कई नए उद्यमियों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी के साथ आगे आने और बड़ी कंपनी बनने में मदद की है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में स्टार्टअप्स सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। ऐसे करीब 40 प्रतिशत नए उद्यमी टियर-2 और टियर-3 शहरों से निकलकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2014 में केवल चार स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में थे, जबकि आज इनकी संख्या 30 से ज्यादा है। अकेले 2020 में 11 स्टार्टअप्स को यूनिकॉर्न क्लब में जगह मिली।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम एक ऐसा स्टार्टअप सिस्टम बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जो 'युवाओं का, युवाओं द्वारा और युवाओं के लिए' के मंत्र पर आधारित है।

# किसान संगठन की सुप्रीम कोर्ट से गुहार

## गठित समिति से बाकी सदस्यों को हटाकर नए लोगों का हो चयन

**भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने सुप्रीम कोर्ट से गुजारिश की कि कृषि कानूनों पर गतिरोध को खत्म करने के लिए बनाई गई समिति से बाकी तीन सदस्यों को भी हटा दिया जाए और ऐसे लोगों को उसमें रखा जाए जो परस्पर सौहार्द के आधार पर समाधान का रास्ता तलाश सकें।**



**नई दिल्ली, पीटीआई।** किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने सुप्रीम कोर्ट से गुजारिश की कि तीन विवादास्पद कृषि कानूनों पर जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए बनाई गई समिति से बाकी तीन सदस्यों को भी हटा दिया जाए और ऐसे लोगों को उसमें रखा जाए जो परस्पर सौहार्द के आधार पर समाधान का रास्ता तलाश सकें। किसान संगठन ने कहा कि चार सदस्यीय समिति में जिन लोगों को रखा गया है उन्होंने नए कृषि कानूनों का समर्थन किया है। ऐसे में इन लोगों को समिति में बरकरार रखना नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन होगा।

किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने अपने हलफनामे में केंद्र सरकार की उस याचिका को भी खारिज किए जाने की मांग की है जिसे दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल कराया गया है। इस याचिका में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च या प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका पर 18 मार्च को सुनवाई के लिए सहमत हो गई है।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति उन 40 किसान संगठनों में शामिल है जो नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। ये सभी किसान संगठन करीब 50 दिनों से दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन और धरने में शामिल हैं। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट अपने अंतरिम आदेश में नए कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगा चुका है। यही नहीं शिकायतों को सुनने और जारी गतिरोध के समाधान के लिए चार सदस्यीय समिति को गठित किया है।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी में भारतीय किसान यूनियन के भूपेंद्र सिंह मान भी थे। मान ने बीती 14 जनवरी को समिति से खुद को अलग कर लिया था। इस समिति के अन्य सदस्यों में अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति शोध संस्थान के दक्षिण एशिया के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार जोशी, कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी और शेतकारी संगठन के अध्यक्ष अनिल घानावत शामिल हैं। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के वकील एपी सिंह ने शीर्ष अदालत से कहा है कि समिति से इन तीनों सदस्यों को हटाया जाए और उन्हें रखा जाए जो सौहार्द के आधार पर समाधान निकाल सकें...।

# पहाड़ों में बर्फ तो मैदान में कोहरे ने रोकी रफ्तार

**मौसम विभाग के मुताबिक उत्?तर भारत के मैदानी इलाकों को घने कोहरे से निजात मिलने की संभावना कम है। सोमवार से ठंड से थोड़ी राहत मिलनी शुरू होगी। दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। जानें आपके इलाके में कैसा रहेगा मौसम...**



**नई दिल्ली, जेएनएन/एजेंसियां।** मकर संक्राति के बाद उत्तर भारत में ठंड और बढ़ गई है। एक तरफ जहां पहाड़ों में लगातार हो रहे हिमपात ने जिंदगी की रफ्तार रोक दी है। वहीं, दिल्ली एनसीआर समेत आसपास के सभी राज्यों में कोहरे ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग की मानें तो रविवार को भी घना कोहरा रहने की आशंका है लेकिन सोमवार से ठंड से थोड़ी राहत मिलनी शुरू होगी। दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। हिमाचल में 22 जनवरी के बाद पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश और हिमपात की संभावना है। शुक्रवार को चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ था, इससे शनिवार को मैदानी इलाकों में कम धुंध पड़ी। मौसम विभाग के निदेशक डा. मनमोहन सिंह का कहना है कि प्रदेश के सात जिलों सिरमौर, सोलन, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी व कांगड़ा में धुंध सुबह दो-तीन घंटे रहने के बाद छंट जा रही है। कुछ स्थानों पर सुबह करीब 10 बजे सूरज की किरणें धरती पर पड़ रही हैं।

वहीं मौसम का पूर्वानुमान जारी करने वाली निजी एजेंसी स्काइमेट वेदर ने कहा है कि उत्तर भारत के राज्यों पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार पर उत्तर-पश्चिमी बर्फीली हवाओं की रफ्तार में कुछ कमी आ सकती है। हवाओं की गति कम होने के चलते 17 जनवरी को उत्तर भारत के इन इलाकों में सर्दी से कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि 18 जनवरी से फिर परिस्थितियां सर्द हवाओं के अनुकूल हो जाएंगी।

शनिवार को तापमान में गिरावट के साथ दिल्ली को कोहरे की चादर ने लपेट लिया। ऐसे में दृश्यता 50 मीटर तक रही। बता दें कि शनिवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस, जबकि अधिकतम तापमान 19.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार, कश्मीर में 20 जनवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। कश्मीर घाटी में इस समय तापमान जमाव बिंदु से नीचे चलने, और जम्मू संभाग में घने के कोहरे से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जम्मू में कोहरे के कारण शनिवार को यहां आने वाली चार उड़ानें रद रहीं। लद्दाख में भी जमा देने वाली ठंड पड़ रही है। श्रीनगर में शनिवार को न्यूनतम तापमान माइनस 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे डल झील सहित कई जलस्रोत जम गए हैं।

जम्मू-कश्मीर में हाल ही में भारी बर्फबारी से बिजली का संकट गहरा गया है। बारामुला में स्की-रिसार्ट गुलमर्ग में रात का तापमान शून्य से 5.4 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। हिमपात व कड़ाके की ठंड के कारण प्रदेश के अधिकतर जलस्रोतों के सूखने व जम जाने से करीब 90 फीसद बिजली उत्पादन बंद हो गया है। अगर जनवरी में और बर्फबारी होती है तो बिजली उत्पादन और गिर सकता है।

# महाराष्ट्र सरकार ने टीकाकरण अभियान को दो दिन के लिए किया सस्पेंड

**महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना महामारी के खिलाफ चलाए जा रही टीकाकरण अभियान को महानगर मुंबई में दो दिनों के लिए रोक दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक कोविन-एप में तकनीकी समस?याओं के चलते बीएमसी ने मुंबई में टीकाकरण कार्यक्रम पर रोक लगाई है।**




**मुंबई, एजेंसियां।** महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना महामारी के खिलाफ चलाए जा रही टीकाकरण अभियान को राज्य में दो दिनों के लिए रोक दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, कोविन-एप में तकनीकी समस्या के चलते यह फैसला लिया गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा कि कोविन-एप केवल महाराष्ट्र ही नहीं वरन देश के तमाम हिस्सों में टीकाकरण में समस्याएं खड़ी कर रहा है। इसी वजह से हमने फैसला किया है कि अगले दो दिनों तक राज्य में टीकाकरण निलंबित रहेगा।

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा कि आठ जनवरी को जब टीकाकरण का ड्राइरन किया जा रहा था तभी हमने ऐसी समस?या आने की बात कही थी। आज फिर मैंने कोविन-एप में आ रही समस्या की ओर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन का ध्यान आकर्षित कराया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने इसे देखने की बात कही है। राजेश टोपे ने बताया कि राज्य के अधिकारियों ने बताया कि एप से उन लोगों को लिखित संदेश नहीं जा रहे थे जिन्हें पहले दिन वैक्सीन दी जानी थी।

समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट में कहा गया है कि महाराष्ट्र सरकार ने पहले दिन कुल 28,500 स्वास्थ्य कर्मियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा था लेकिन कोविन-एप में तकनीकी समस्या के चलते शानिवार शाम तक लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। हालांकि इस तकनीकी समस्या के बावजूद कम से कम 18,425 लाभार्थियों को वैक्सीन दी गई और 65 फीसद लक्ष्य हासिल कर लिया गया। कोविन-एप में तकनीकी समस्या के चलते उन लोगों को संदेश नहीं भेजा जा सकता है जिनका पंजीकरण हो चुका है और जिन्हें टीका लगवाना है।

वहीं बीएमसी ने अपने बयान में कहा है कि कोविड टीकाकरण के लिए डिजिटल पंजीकरण अनिवार्य है लेकिन शनिवार को अभियान के पहले दिन कोविन-एप में तकनीकी समस्या के चलते ऑफलाइन पंजीकरण की अनुमति दी गई थी। अब राज्य सरकार ने निर्देश जारी किया है कि टीकाकरण के लिए आगे सभी रजिस्ट्रेशन कोविन-एप के जरिए ही होंगे। राज्य सरकार के आदेश को देखते हुए मुंबई में भी तब तक टीकाकरण निलंबित रहेगा जब तक कि केंद्र सरकार एप में आई समस्या को दूर नहीं कर लेती है।

मुंबई में पहले दिन टीकाकरण के लिए 4,000 स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगना था जिनमें से केवल 1,926 का ही टीकाकरण हो पाया। सबसे ज्यादा राजावाड़ी अस्पताल में 289 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया गया। मालूम हो कि टीकाकरण अभियान को सुचारु रूप से चलाने और सारी व्यवस्थाओं पर आनलाइन नजर रखने के लिए सरकार ने को-विन नाम का प्लेटफार्म विकसित किया है। इसके जरिए देश भर में वैक्सीन की उपलब्धता, भंडारण तापमान और लाभान्वितों की जानकारी रियल टाइम पर ली जा सकती है। कोविन-एप के जरिए ही टीकाकरण का पंजीकरण भी हो रहा है।

# किसान आंदोलन से जुड़े नेताओं और एक पत्रकार को एनआइए का नोटिस




**नई दिल्ली, आइएएनएस।** एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने प्रतिबंधित संगठन सिख फार जस्टिस मामले की अपनी जांच के सिलसिले में दर्जनभर से ज्यादा लोगों को नोटिस भेजे हैं। इन लोगों में एक पत्रकार, नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन से जुड़े किसान नेता और अन्य शामिल हैं।

एनआइए के एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने पूछताछ के लिए कई लोगों को नोटिस भेजे हैं। उन्हें मामले के कुछ तथ्यों की पुष्टि करने के लिए गवाह के तौर पर बुलाया गया है। जब उनसे पूछा गया कि पत्रकार के अलावा और किन लोगों को बुलाया गया है तो उक्त अधिकारी ने कहा, 'पूछताछ के लिए बुलाए गए लोगों के पेशे के बारे में विशेष तौर पर कुछ नहीं कह सकता।' हालांकि एनआइए ने नए कृषि कानूनों पर सरकार के साथ वार्ता में हिस्सा ले रहीं किसान यूनियनों में से एक लोक भलाई इंसाफ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष बल्देव सिंह को भी समन किया है। समन के मुताबिक, बल्देव सिंह से 17 जनवरी को एजेंसी के दक्षिण दिल्ली के सीजीओ कांप्लेक्स स्थित मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। उनके अलावा सुरेंद्र सिंह टीकरीवाल, पलविंदर सिंह, प्रदीप सिंह, नोबेलजीत सिंह और करनैल सिंह को भी 17 व 18 जनवरी को एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

सरकार की ओर से अधिसूचना जारी होने के बाद एनआइए ने पिछले साल 15 दिसंबर को भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। एफआइआर में एनआइए का आरोप है कि गैरकानूनी संगठन सिख फार जस्टिस और बब्बर खालसा इंटरनेशनल, खालिस्तान टाइगर फोर्स, खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स समेत विभिन्न खालिस्तानी आतंकी संगठनों ने अपने अग्रणी संगठनों के साथ मिलकर एक साजिश रची है। इस साजिश का मकसद डर और अराजकता का माहौल बनाना, लोगों में असंतोष पैदा करना और उन्हें सरकार के खिलाफ विद्रोह के लिए उकसाना है। एफआइआर के मुताबिक, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी और अन्य देशों में स्थित मिशनों के खिलाफ जमीनी स्तर पर अभियान और दुष्प्रचार के लिए विदेश में बड़ी मात्रा में धनराशि जुटाई जा रही है। इन अभियानों को घोषित आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नून, परमजीत सिंह पम्मा, हरदीप सिंह निज्जर और अन्य चला रहे हैं। एनआइए एफआइआर में यह आरोप भी लगाया गया है कि इस साजिश में शामिल सिख फार जस्टिस और अन्य खालिस्तान समर्थक तत्व अपने सतत इंटरनेट मीडिया अभियान और अन्य तरीकों से ऐसे युवाओं को आंदोलन और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भड़का रहे हैं और भर्ती कर रहे हैं जिन्हें आसानी से गुमराह किया जा सकता है। उनका मकसद भारतीय क्षेत्र का विभाजन कर अलग खालिस्तान राष्ट्र का निर्माण करना है।

उल्लेखनीय है कि एनआइए ने पिछले साल 18 दिसंबर को सिख फार जस्टिस मामले में घोषित आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नून समेत 10 खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। बाकी आतंकियों में परगट सिंह, सुखराज सिंह, बिक्रमजीत सिंह, मंजीत सिंह, जतिंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, कुलदीप सिंह, और हरमीत सिंह शामिल हैं। यह आरोप पत्र हिंसा की श्रृंखलाबद्ध घटनाओं के सिलसिले में दाखिल किया गया था जिनमें 2017-18 के दौरान पंजाब में हुई आगजनी की घटनाएं शामिल हैं। इन घटनाओं को विदेश में बसे सिख फार जस्टिस के हैंडलर्स के निर्देश और वित्तीय मदद से चरमपंथी सिख युवाओं ने अंजाम दिया था। यह मामला शुरूआत में अमृतसर पुलिस ने दर्ज किया था, लेकिन पिछले साल एनआइए ने इसे अपने हाथ में ले लिया था।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज रविवार, 17 जनवरी, 2021

## संक्षेप समाचार

### जिला अध्यक्ष का स्वागत समारोह आज

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के चका गांव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रयागराज का स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष राकेश जयसवाल का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। वही कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा मौर्य का भी स्वागत किया जाएगा। मशहूर गीतकार साधना जायसवाल अपने सुरों का जलवा बिखेरेंगी। कार्यक्रम होने की जानकारी जिप सदस्य इस्माइल उर्फ अच्छे अंसारी व समाजसेवी सद्दाम ने दी।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर राघव शरण पांडेय का निधन

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर ब्लॉक के 1982 से 1996 तक ब्लॉक प्रमुख रहे वृंदावन, भेलखा गाँव निवासी पंडित राघव शरण पांडेय 92 वर्ष का निधन हो गया है । क्षेत्र के जंघई, अनुवां, चनेथू, भेलखा, बेला, प्रतापपुर आदि स्थानों पर शोक संवेदना प्रकट की गई उनके निधन पर क्षेत्र में शोक का माहौल है बहुत प्रतिभाशाली उच्च व्यक्तित्व एवं मिलनसार व्यक्ति थे।

## घर में मृत मिला अधेड़, शव को पुलिस ने भेजा पोस्टमार्टम के लिए

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अधेड़ की मौत के कारण का सही पता चल पाएगा**

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के चंद्रभान का पूरा गांव में बीती रात एक अपने ही घर में एक अधेड़ मृत मिला। जिससे हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के पुरवा खास ग्राम सभा के अंतर्गत चंद्रभान का पूरा मजरा निवासी मोहम्मद शरीफ (52) पुत्र अहमद उल्लाह शुक्रवार रात भोजन आदि करके अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। शनिवार सुबह जब परिजन सो कर उठे तो देखा कि वह घर के आंगन में मृत मिले। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो मृतक के मुंह से झाग निकला हुआ था। बताया जाता है कि मृतक मुंगारी गांव के रहने वाले एक युवक का मोबाइल आदि सामान गिरवी रखा हुआ था। शुक्रवार रात वह युवक अपना मोबाइल व कुछ सामान मोहम्मद शरीफ से छुड़ाकर अपने घर लेकर चला गया। परिजनों के मुताबिक मोहम्मद शरीफ दमा का मरीज था और उसका इलाज भी चल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। इस संबंध में औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी एवं आईपीएस मनीष कुमार शंडियाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच पड़ताल के दौरान मोहम्मद शरीफ की मौत हृदय गति के रुकने की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सत्यता का पता चल पाएगा।

### अधेड़ का शव मिला

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के टीएसएल रेलवे क्रासिंग के समीप सुलभ कॉन्प्लेक्स के निकट शनिवार सुबह एक अधेड़ का शव मिलने से लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है कि मृतक बीते कई दिनों से सड़क के किनारे घूमता रहता था और उसकी मानसिक हालत भी सही नहीं था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद अज्ञात में शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

## न्यायालय के आदेश के विपरीत विवादित जमीन पर अवैध रूप से किया जा रहा है कब्जा

**न्यायालय के आदेश को नहीं मानती मऊआइमा पुलिस**



विवादित जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे का दृश्य

**पीड़ित ने मऊआइमा पुलिस को दिया लिखित शिकायती पत्र, निर्माण कार्य का विरोध करने पर दबंगों ने पीड़ित परिवार से की जमकर मारपीट व जान से मारने की दी धमकी**

**मऊआइमा।** आबादी की भूमि पर गांव के ही दबंगों द्वारा किया जा रहा है जबरन कब्जा जबकि उक्त जमीन का माननीय सिविल न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है और माननीय न्यायालय द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है इस भूमि पर किसी तरह का कब्जा फैसले के बाद ही किया जाए उसके बाद भी गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा जबरन अवैध रूप से भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित ने मऊआइमा थाने में दी उस के बावजूद स्थानीय पुलिस कार्य स्थल पर जाना मुनासिब नहीं समझा पीड़ित न्याय के लिए दर दर भटक रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के तिलई महमद पुर में दो पक्षो के बीच आबादी की जमीन को ले कर जम मार पीट हो गई बताया गया कि उक्त भूमि पर माननीय न्यायलय में मुकदमा विचारा धींन है जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है कि उक्त जमीन पर अवैध निर्माण कार्य न होने पाए उस के बावजूद विपक्षियों द्वारा दबंगई एवं शोरेपुष्टि से निर्माण कार्य कराया जारहा है जिस की लिखित शिकायती पत्र पीड़ित ने मऊआइमा थाने में दी इस के बावजूद पुलिस कार्य स्थल पर जाना मुनासिब नहीं समझा जिस की वजह से पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर दर भटक रहा है।

## अनियंत्रित ट्रक ने डंपर में मारी टक्कर




हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक

**उरूवा।** शनिवार सुबह भोर में 2:30 बजे के लगभग मिर्जापुर की रोड रोड से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने गिट्टी लदी डंपर में टक्कर मारी टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक के आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया हादसे में ड्राइवर वखलासी घायल हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएच 76 मिर्जापुर झांसी मार्ग पर भड़ेवरा गांव के समीप मिर्जापुर की तरफ से आ रही सरिया लदी अनियंत्रित ट्रक ने घने कोहरे के कारण गिट्टी लदी डंपर में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक के आगे का हिस्सा ध्वस्त हो गया तभी पीछे से आ रही ट्रक ने भी पीछे से ट्रक में टक्कर मार दी जिसमें ट्रक के खलासी को मामूली रूप से चोट आई, ट्रक के पीछे से जिस ट्रक ने टक्कर मारी उसके चालक को और खलासी को हल्की चोटें आई।

## गरीबों को कंबल देकर सपाइयों ने मनाया डिंपल यादव का जन्मदिन

**फूलपुर।** कन्नौज की पूर्व सांसद व महिलाओं की आदर्श डिंपल यादव भारत की राजनीति में महिला सशक्तिकरण की पहचान व नारी अस्मिता की प्रतीक हैं। सड़क से लेकर सदन तक महिलाओं के विकास की बात करने के साथ ही उनके सम्मान व सुरक्षा के लिए हमेशा से सरकार को सचेत करने का काम किया। उक्त बातें समाजवादी युवजन सभा फूलपुर के निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष कुमार मंगल ने फूलपुर में शनिवार को डिंपल यादव के 43वें जन्मदिवस के अवसर पर उनकी लम्बी उम्र की कामना करते हुए कही। इस दौरान उनके द्वारा महिलाओं के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की सराहना करते हुए गरीबों व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सैयद सोहेल अहमद, शेरखान,ओसामा इदरीसी, धर्मेंद्र यादव, अखिलेश यादव, जगदीश यादव, फिरोज राईन सहित अन्य सपाई मौजूद रहे।



गरीबों को कंबल वितरित करते सपा नेता कुमार मंगल व अन्य कार्यकर्ता

### दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर मार पीट, क्रास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने मकान की दीवार गिराने का आरोप लगाया है । जबकि दूसरे पक्ष ने मार पीट का इल्जाम लगाया है । पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है।
मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जाम्हा खास निवासी कमलेश कुमार तिवारी पुत्र देवी प्रसाद का आरोप है कि उनके निर्माणाधीन मकान की दीवार को उनके विपक्षी गिरा दिए । जब कि दूसरे पक्ष के विकास कुमार ने मार पीट का आरोप लगाया है । पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर राम अभिलाष, विमलेश कुमार, विकास, रानी देवी के खिलाफ जबकि दूसरे पक्ष के विकास कुमार की तहरीर पर पुलिस ने कमलेश कुमार तिवारी सहित चार के खिलाफ मार पीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

## लोकतंत्र में जनता का राज्य चलता है : डॉ.रीता बहुगुणा जोशी

**करछना।** हमारे देश के लोकतंत्र में जनता का राज्य चलता, यहा पंचायत स्तर से लेकर राज्य व केंद्र स्तर से लेकर चुनी गई सरकार में जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जाते हैं, जिन सरकारों में जनता कीं अनदेखी की गई उसे बदलने का काम जनता खुद लोकतंत्र के परम्पराओ के तहत का काम जनता ने किया हैं। त्रिवेणी पुरम डीहा करछना प्रयागराज में आयोजित सेवा सम्मान समारोह के कार्यक्रम में प्रयागराज की सांसद डाक्टर रीता बहुगुणा जोशी बतौर मुख्य अतिथि के रूप शिरकत करने के दौरान कहीं। इस अवसर पर गरीबों, असहाय, विकलांग वृद्ध जनों को ठंड से बचने के लिए 200 लोगों को कम्बल वितरण किया ।कार्यक्रम के संयोजक भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया । इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा सिंह द्वारा गांव डीहा के विकास की दर्जन भर सडकों व कार्यो का उदघाटन किया गया। उपस्थित नरेन्द्र देव पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा सिंह पूर्व विधायक करछना दीपक पटेल, अनामिका चौधरी, जिला पंचायत सदस्य बबिता पटेल, विनोद प्रजापति, लव कुश मौर्या, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय कुमार मिश्र, प्रदीप पाण्डेय, लल्लन यादव, गोविन्द द्विवेदी, धीरज तिवारी, अजय सिंह, पियूष रंजन निषाद, लक्ष्मी शंकर पाण्डेय उर्फ नन्हे, सत्य प्रकाश निषाद, चन्द प्रकाश तिवारी सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।अध्यक्षता राज प्रताप सिंह ने किया ।



कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करतीं सांसद रीता बहुगुणा जोशी

## मैं विकास करने आई हूं, विवाद नहीं : नीलम करवरिया




इंटर लाकिंग सड़क का उद्घाटन करतीं मेजा विधायिका नीलम करवरिया

**उरुवा।** विकास खंड उरुवा के कोटहा ग्राम सभा में विधायक निधि से बनी सात लाख की लागत से एक सौ सढ़सठ मीटर इंटर लाकिंग सड़क का शनिवार को मेजा विधायिका नीलम करवरिया ने उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निदान का आश्वासन भी दिया।

बता दे की उरुवा विकास खंड के कोटहा ग्राम सभा के कोटहा गांव में विधायक निधि से सुब्बलाल पाठक के घर से स्वर्गीय विजय शंकर मिश्रा के घर तक इंटर लाकिंग का कार्य हुआ है, जिसके उद्घाटन पर पहुंची विधायिका ने ग्रामीणों से ग्राम सभा की समस्या जानी। जिसमें ग्रामीणों ने एक इंटर लाकिंग सड़क की और मांग किया। जिसमे विधायिका जी ने कहा की गाव के लोग सड़क बनाने के लिए जगह देंगे तो सड़क का निर्माण हो जायेगा, क्योकि मैंने शुरू में ही कहा था मै विकास करने आयी हूँ विवाद नहीं। ज्ञात हो की लोग अधिकतर जगह अतिक्रमण किये रहते है और जिसकी जमीन रहती वो जमीन देना नहीं चाहता, जिससे विकास कार्यो को कराने में बड़ी दिक्कत होती है, जिस पर विधयिका जी ने सड़क की मांग करने वालो से ये बात कही। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शैलैश पांडे, अभिषेक पांडे, अशोक पांडे, विपिन कुमार तिवारी, सर्वेश पांडे, राम मिश्रा, पप्पू दुबे, मिथिलेश आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं से हो रहा है भारत का चहुँमुखी विकास : डॉ शैलेश

**प्रयागराज।** भारत सरकार द्वारा जनता के हित में कई सारी योजनाएं चला रखी है लेकिन योजनाओं की जानकारी के आभाव में लोग सरकारी लाभ से वंचित हो जाते हैं। ऐसे में सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री जनक ल्याणकारी जागरूकता अभियान के कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी सौंप रही है। जिनका काम योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना एवं जनता के बीच पहुंचाना है। भारत युवाओं का देश है। युवाओं ने देश में तरुणाई व अंगडाई ली तो 2014 और 2019 में केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी और जिसके प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी बने। मोदी जी ने अपने कार्यों से अपने नारे 'सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास' को चरितार्थ किया है। उनके योजनाओं से भारत मे विकास की श्रृंखला गतिमान है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के शिक्षक प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ शैलेश कुमार पाण्डेय ने प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी जनजागरूकता अभियान की बैठक में नए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि अब 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव सामने है इसलिए युवाओं का महत्व अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का दायित्व हमारे कंधे पर है जिसे हम पूरी निष्ठा से निभायेंगे।

## व्यापारियों का हित देख रही है समाजवादी पार्टी : सुरेंद्र केसरी

**खीरी।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रयागराज सुरेंद्र कुमार केसरवानी (सोनू) द्वारा आज विधानसभा करछना मेजा एवं कोरांव का दौरा किया गया। खीरी बाजार में विधानसभा अध्यक्ष व्यापार सभा कोराव विजय केसरी के द्वारा जिला अध्यक्ष का स्वागत किया गया जहां पर व्यापारी संगठन के लोगों से बात करते हुए सुरेंद्र केसरवानी ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा एवं हित के बारे में सोचने वाली पार्टी सिर्फ समाजवादी पार्टी ही है। आज व्यापारियों को इनकम टैक्स, सेल टेक्स एवं अन्य प्रकार से परेशान किया जा रहा है और समूचे प्रदेश में व्यापारियों की हत्या तेजी से हो रही है। परंतु प्रदेश सरकार व्यापारियों की सुरक्षा एवं हित के लिए कहना तो दूर सोचना भी उचित नहीं समझ रही। आज व्यापारियों को स्पेक्टरराज परेशान कर के रख दिया है' मुलायम सिंह यादव के सरकार में स्पेक्टरराज पूर्णतया समाप्त कर दिया गया था और व्यापारियों से किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा रही थी' यह देश का दुर्भाग्य है कि आज अन्नदाता अपने अधिकार के लिए सड़कों पर पिछले 50 दिनों से बैठा है परंतु उसकी सुनने वाला कोई नहीं है पूरे प्रदेश में क्रय केंद्रों पर किसानों के धान सही ढंग से नहीं तोली जा रही है जिसके कारण अन्नदाता अपने अनाज को ओने पौने दाम पर बेचने को मजबूर हो गया है। आज समूचे प्रदेश में व्यापारी, छात्र एवं महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पूरे प्रदेश की जनता में भय व्याप्त है जिसका परिणाम पिछले दिनों हुए स्नातक एमएलसी का चुनाव परिणाम रहा है।

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज रविवार, 17 जनवरी, 2021

## माफिया अतीक के करीबी अजय पाल उर्फ नन्ना के अवैध मकान पर चला पीडीए का बुलडोजर



अवैध मकान ढहाता पीडीए का जेसीबी

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के करीबी अजय पाल उर्फ नन्ना के अवैध मकान को गिराने की कार्रवाई शनिवार को शुरू हुई। नन्ना का कौशांबी जनपद के पिपरी थाना क्षेत्र के गौसपुर कटहुला में मकान है। मकान को गिराने की कार्रवाई प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा की जा रही है। उसके मकान का नक्शा पास नहीं था, जिसके कारण यह कार्रवाई की जा रही है।

ऑपरेशन माफिया के तहत आज प्रयागराज विकास प्राधिकरण अजय उर्फ नन्हा पाल के अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चला रहा है। हिस्ट्रीशीटर नन्हा पाल ने पिपरी इलाके के गौसपुर कटहुला में बिना परमीशन के इसने आलीशान मकान बनाया है। माफिया गैंग से जुड़ने के बाद इसने कई वारदातों को अंजाम देकर प्रॉपर्टी बनाई है। बता दें कि नन्ना पाल के दो भाई वर्षों पूर्व पुलिस एनकाउंटर में मारे जा चुके हैं। अपराध की सीढ़ियां चढ़ने के बाद यह प्रधान बना था। इसके ऊपर पिपरी सहित कई थानों में हत्या, लूट व रंगदारी के तमाम मुकदमे दर्ज हैं। अभी हाल ही में धूमनगंज में दुल्हन के अपहरण में भी इसके गुर्गों का नाम आया था।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के मिजार्पुर प्रयागराज राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर देवरी गांव के सामने शुक्रवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसकी जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से पास के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। युवक की हालत गंभीर होता देख डाक्टरो ने जिला अस्पताल में रेफर कर दिया जहां युवक की इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। करछना के डीहा गांव निवासी सिया राम निषाद 25 वर्ष पुत्र मुंशी लाल निषाद बाइक से अपने ससुराल मेजा के बलुहा गांव जा रहे थे। अभी वह देवरी गांव के सामने पहुंचे थे कि उसी बीच पीछे की ओर से तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो वाहन ने टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला। मुंशी लाल निषाद के चार बेटे और एक बेटी में सियाराम निषाद बेटों में चौथे नंबर का था वह घर पर ही रहता था। मुंशी लाल निषाद किसानी का काम किया करते है। युवक की मौत होने से परिजनों में कोहराम मचा है।

## पुलिस ने 4 लाख 50 हजार की शराब किया बरामद




मामले का खुलासा करते पुलिस अधिकारी

**प्रतापपुर।** उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सरायममरेज पुलिस द्वारा पंचायत चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे अभियान के तहत सरायममरेज थानांतर्गत तिलकठ गाँव मे सरायममरेज इंस्पेक्टर भरत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम जिसमें उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक अरविंद कुमार यादव, उपनिरीक्षक परलोक चौधरी, कांस्टेबल मिथिलेश कुमार, नंदकिशोर, राहुल यादव, भानू प्रताप सिंह ने छापामारी कर- के 4 लाख 50 हजार की अवैध शराब बरामद किया । जिसमें एक अभियुक्त सुरेश जायसवाल तिलकठ निवासी गिरफ्तार हुआ तथा 182 पेटी अवैध शराब व 2169 नकली रैपर बरामद किया गया। दो अभियुक्त भोनू जायसवाल, सांवत जायसवाल भागने में सफल रहे।

## बाल गंगादूत के साथ गंगा की जैव विविधता व खाद्य जाल महत्त्वता का जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल बच्चे

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र,-नमामि गंगे परियोजना प्रयागराज के अंतर्गत चाका ब्लॉक के अरैल के गंगा घाट पर नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह द्वारा गंगा की जैव विविधता व गंगा के खाद्य जाल (Food web) के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमे आये हुए बाल गंगदूत को रंगीन चित्र व चार्ट के माध्यम से डॉल्फिन, कछुआ, ऊदबिलाव, घड़ियाल के बारे में विस्तार से बताया गया और चित्रमय चार्ट के द्वारा गंगा के खाद्य जाल उपभोक्ता (Heterotrophs) प्राथमिक उपभोक्ता द्वितीयक उपभोक्ता तृतीय उपभोक्ता के बारे में जानकारी साझा कि गयी और विस्तार से बताया की कैसे एक जीव, एक से अधिक पोषण स्तरों के जीवों से अपना भोजन प्राप्त कर सकता है। इसी प्रकार किसी जीव को अनेक जीवों द्वारा भोजन बनाया जा सकता है। ऐसी स्थिति में पारिस्थितिक तंत्र में एक से अधिक खाद्य श्रृंखलाएँ किसी न किसी क्रम में परस्पर सम्बद्ध होकर एक जटिल जाल बना लेती हैं जिसे खाद्य जाल कहते हैं । पारिस्थितिक तंत्र का स्थायित्व एवं संतुलन बनाए रखने में खाद्य जालों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । और अगर इनमे से किसी एक भी जीव की हानि या मृत्यु होने पर पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित हो जाता है। साथ ही यह शपथ दिलाई कि गंगा सफाई में अपनी सहभागिता प्रस्तुत करेंगे,साथ ही जलीय जीवों की सुरक्षा व संचयन हेतु लोगो से आग्रह करेंगे,अपने साथ-साथ समाज मे रहने वाले सभी समुदाय के लोगो को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

### राम मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह अभियान का शुभारंभ

**शंकरगढ़।** विश्व हिंदू परिषद एवं सभी अनुषांगिक संगठनों द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह का कार्य शुरू किया गया।शनिवार को प्रयागराज के यमुनापार में अभियान चलाकर लोगों को राम मंदिर के लिए चलाए जा रहे इस अभियान से जोड ? की कोशिश की गई।शनिवार को चलाए गए अभियान के दौरान दानदाताओं में अशोक कुमार तिवारी ने11,000 हजार रुपये देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत अनूप केसरवानी ने 5000 रुपये एवं कई गणमान्य व्यापारियों ने उपस्थित होकर भगवान राम के कार्य भव्य मंदिर निर्माण में अधिक से अधिक धनराशि देने की घोषणा की। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं द्वारा एवं समस्त अनुषांगिक संगठनों द्वारा गांव-गांव एवं नगर से सहयोग राशि संग्रहीत की जाएगी।शनिवार को प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद अभियान प्रमुख धर्मेंद्र संग अभियान प्रमुख नरेंद्र केसरवानी, डॉक्टर प्रेमचंद्र केसरवानी, अनूप केसरवानी, सुधा, गुप्ता,विनय, दीपक, मनोज, रामानुज गुप्ता, शुभम,आदित्य एवं भाजपा से शिवराम सिंह परिहार, अरविंद, रतन केसरवानी,सार्थक, ओम प्रकाश, शरद, राजाराम जी लोग उपस्थित रहे।

## यूथ वेलफेयर फाउंडेशन ने कोरोना से बचाव हेतु वितरित किया सामग्री




आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों व अभिभावकों को वितरित की गयी सामग्री

**प्रयागराज।** यूथ वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से शनिवार को आँगनबाड़ी केन्द्र, राजरूपपुर, प्रयागराज में आँगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों एवं उनके अभिभावकों तथा कुछ अन्य गरीबों को कोरोना महामारी से बचाव हेतु यूथ वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर आलोक सिंह द्वारा निःशुल्क मास्क, सैनिटाइजर एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आँगनबाड़ी केन्द्र की श्रीमती कल्पना सिंह, निर्मला सिंह, ऊषा सिंह, रजत कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

### राजनैतिक संत थे भरत : डॉ. पाण्डेय

**करछना।** भरत जी शुक्ल का लोक जीवन सदैव लोलुपता से दूर समाजसेवा के लिए समर्पित रहा। उनका स्वभाव, लोगों के बीच मिलन सारिता कृतित्व एव व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणा दायक है। उनका निधन जमुनापार की अपूर्णीनीय छति है। यह बातें शुक्रवार को भरत जी शुक्ल के आकस्मिक निधन पर जागृति मिशन द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान संयोजक डॉ. भगवत पाडेय ने कही। श्रद्धांजलि सभा के पूर्व मिशन के लोग पकरी सेवार गंगा घाट पर पहुचकर उनके अंतिम सस्कार मे शामिल हुए। सभी ने दो मिनट का मौन रखते हुए गहरा शोक व्यक्त किया और उनकी आत्म शाति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर तीरज राज पाडेय,नारायण दत्त तिवारी मानिक चन्द्र ओझा कमलेश पाडेय, अतुल तिवारी, अशोक सिह, विशाल चौबे विनय सिंह, कमला शंकर तिवारी समेत मिशन के शबी लोग मौजूद रहे।

## भ्रांतियों और अंधविश्वासों से बचाने के लिए सूचनाओं का प्रसार आवश्यक : न्यायमूर्ति राय



कोविड-19 जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते अतिथिगण

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने कहा है कि अफवाहों से लोगों को बचाने के लिए यह जरूरी है कि जन सामान्य तक आवश्यक सूचनाएं पहुंचाने के लिए कोशिश की जाएं। माघमेले में शनिवार को क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, प्रयागराज द्वारा आयोजित शिविर में कोविड-19 जन जागरूकता चेतना रथों को रवाना करने के लिए आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माघ मेले जैसे आयोजनों का उपयोग जन सामान्य तक सूचनाएं पहुंचाने के लिए बेहतर तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास और भ्रांतियां आवश्यक सूचनाओं और जानकारियों के अभाव में ही फैलती हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के टीकाकरण के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है कि लोगों के मन में इसके प्रति विश्वास का भाव हो और यह सही जानकारियों के आधार पर ही संभव है। न्यायमूर्ति राय ने इस अवसर पर प्रचार अभियान के दौरान उपयोग किये जाने वाले पोस्टर, बैनर, स्टीकर, हैण्डबिल और पैम्पलेट का भी विमोचन किया।

समारोह के विशिष्टि अतिथि प्रयागराज परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के0पी0 सिंह ने लोगों तक सही और आवश्यक सूचनाएं पहुंचाने में छात्रों और युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि माघमेले में क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जन जागरूकता के संदेश पहुंचाने की कोशिश महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि माघमेले में प्रचार अभियान चलाये जाने से आवश्यक संदेश कई राज्यों और जिलों तक आसानी से पहुंच जाता है। समारोह को सम्बोधित करते हुए माघ मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि मेले को कोविड संक्रमण से मुक्त रखने के सभी एहतियाती उपाय किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेले के सभी 16 प्रवेश द्वारों पर थर्मल स्कैनिंग और कोविड जांच के साथ-साथ शिविरों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अद्यतन जानकारी के लिए कोविड कार्ड बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेला प्रशासन के प्रयासों में इस तरह के प्रचार अभियानों से बहुत लाभ मिलेगा।

प्रारम्भ में प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो, लखनऊ के संयुक्त निदेशक सुनील कमार शुक्ल ने कहा कि ब्यूरो द्वारा यह प्रचार अभियान पूरे मेलावधि तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि सभी पांचों सेक्टरों में कोविड चेतना रथ संचालित किये जा रहे हैं साथ ही ब्यूरो के एम0जी मार्क स्थित माघमेला शिविर में भी संदेशमूलक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चलते रहेंगे। उन्होंने बताया कि माघमेले के अलावा प्रदेश के अन्य 12 जिलों में भी कोविड संक्रमण को रोकने और टीकाकरण के लिए प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राय ने ब्यूरो के शिविर में स्थापित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया और हरी झण्डी दिखाकर चेतना रथों को रवाना किया। अतिथियों ने कार्यक्रमों के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किये। इस अवसर पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के एनसीसी के कैडेटों और स्काउट गाइड ने अतिथियों को सलामी भी दी। संयुक्त निदेशक श्री शुक्ल ने ब्यूरो की ओर से मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री राय विशिष्ट अतिथि श्री सिंह और मेला अधिकारी श्री चतुर्वेदी को स्मृति चिह्न प्रदान किया। समारोह का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो प्रयागराज के उप निदेशक आरिफ हुसैन रिजवी ने किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी आजमगढ़ तारिक अजीज और क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी बांदा गौरव त्रिपाठी ने किया। समारोह में शामिल होने के लिए आये छात्र-छात्राओं सहित सभी लोगों को ब्यूरो के राम मूरत व ए0के0 विश्वकर्मा द्वारा हाथों को सेनीटाइज कराते हुए मास्क का वितरण किया गया। इस अवसर विभाग के पंजीकृत जादूगर योगेन्द्र कुमार द्वारा संदेशमूलक जादू के कायक्रम प्रस्तुत किये गये।

### जन्मभूमि क्षेत्र निधि कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**सहसों।** सहसो बाजार में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र निधि महा समर्पण महा अभियान का खंड कार्यालय रामलीला मैदान के बगल शनिवार को भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि श्री बद्री प्रसाद सिंह जिला सह संघ चालक जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने वहां पर उपस्थित लोगों में अपने विचार रखे एवं राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र निधि के बारे में मार्ग दर्शन किया द्य इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुरुषोत्तम सिंह जी खंड संघ चालकए दीपक द्विवेदी जी अभियान प्रमुख सहसों (अध्यक्ष प्रखंड सहसों विहिप), प्रमोद जी सह अभियान प्रमुख सहसोंए शिवबाबू केसरवानी, पवन सिंह, सुमित साहू, शिव कैलाश यादव, राजनाथ, शीतला प्रसाद, मूल चंद्रए राजधर द्विवेदी, राम सुख मिश्र, विष्णू केसरवानी, अमित जायसवाल, मनोज तिवारी, वीरेंद्र यादव, अजीत पाल, शिवाकांत कुशवाहा, रितेश केसरवानी, दिलीप केसरवानी, फुल चन्द्र साहू सहित अन्य लोगों की उपस्थिती रही।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी

### अरई आदर्श क्लब ने जीती वॉलीबाल की ट्रॉफी

**प्रयागराज।** डिस्ट्रिक्ट वालीबॉल एसोसिएशन (डीवीए) प्रयागराज के तत्वाधान में जागृति मिशन के अंतर्गत जमुनापार क्षेत्र के विभिन्न अंचलों में आयोजित की जाने वाली वर्तमान सत्र 2020-21 की ₹पांचवी टेस्ट लीग वॉलीबाल प्रतियोगिता₹ का आयोजन ऊंचडीह वालीबॉल क्लब (वश्उ) के सौजन्य से स्थानीय ऊंचडीह बाजार स्थित खेल मैदान पर किया गया। जिसमें कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अरई आदर्श क्लब और फ्रेंड्स क्लब मेंजा के बीच खेला गया। जिसमें अरई आदर्श क्लब ने फ्रेंड्स क्लब मेजा को 25-22 और 25-17 अंकों से हराकर ₹पांचवीं लीग प्रतियोगिता₹ की चल वैजयंती (ट्रॉफी) जीत ली। इसके पूर्व अन्य खेले गए सेमीफाइनल मैचों में अरई आदर्श क्लब ने वॉलीबाल क्लब महेवा को 25-18 और 25-16 अंकों से हराया। इसी प्रकार से दूसरे सेमीफाइनल मैच में फ्रेंड्स क्लब मेजा ने सरदार पटेल क्लब बरहा कलां (मांडा) को 25-19 और 25-22 अंकों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। प्रभाकर चौबे,मुकेश शुक्ला,आशीष द्विवेदी व योगेंद्र पटेल ने निर्णायक की भूमिका अदा की। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम जिला वॉलीबाल संघ के महासचिव आर.पी.शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी राजू तिवारी (प्रधान प्रत्याशी) ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया तथा अपने निजी कोष से विजेता व उपविजेता टीम को सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद धनराशि वितरित कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवम तिवारी ने किया। विशिष्ट अतिथि द्वय के रूप में एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सी.पी.मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष वाई.एन.सिंह उपस्थित रहे।

### आर्दश की हत्या का नहीं हुआ खुलासा, खून से सना ईट बरामद

**मऊआइमा।** आदर्श हत्याकांड का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। पुलिस ने खून से सने ईट को बरामद कर लिया है । परन्तु मृतक के मोबाइल का अभी तक पता नहीं चल सका है। मऊआइमा थाना क्षेत्र ग्राम कटभर परमेजपुर निवासी सरकेश कुमार गौतम का 12 वर्षीय पुत्र आर्दश कुमार का शव खेत के निकट एक नाले में गुरुवार की रात बरामद हुआ था। मृतक के सिर में गंभीर चोटें थी । मृतक के पिता सर्वेश कुमार गौतम ने मऊआइमा थाने में अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सूत्रों का मानें तो मृतक आर्दश कुमार गौतम की हत्या ईट से सिर में चोटें पहुंचा कर की गई है। मृतक के बुआ का मोबाइल भी पुलिस ने अभी तक बरामद नहीं कर सकी है। जो घटना के समय आदर्श के पास ही था। बताते हैं कि पुलिस इस हत्याकांड का पता लगाने के लिए लगी हुई है । हर पहलुओं पर जांच के पश्चात पुलिस का फोकस आशनाई की ओर है। सूत्रों का मानें तो किसी को आपत्तिजनक हालत में देखने के कारण आदर्श की हत्या की गई होगी। इंस्पेक्टर मऊआइमा राम केवल पटेल का कहना है कि जल्द ही इस हत्या कांड पर से पर्दा उठ जाएगा । वह खून आलूद ईट बरामद कर लिए हैं। जल्द ही मोबाइल और कातिलों को भी पकड़ लिया जाएगा।

## कौशिकी वेलफेयर सोसाइटी ने लोगों को किया जागरूक



सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत लोगों को जागरूक करते हुए

**प्रयागराज।** भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की सहायता से कौशिकी वेलफेयर सोसाइटी प्रयागराज द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम करेली जी टीवी नगर, सुल्तानपुर भावा , सदर बाजार कैंट छावनी, रोशन बाग, खुल्दाबाद, रामखेलावन गर्ल्स जूनियर हाई स्कूल घूरपुर, मीरापुर 60 फिट रोड, कीडगंज प्रयागराज में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 90 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी नियमों संकेतों की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी नियमों संकेतों को गंभीरता पूर्वक पालन करने की सलाह दी गई। सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के पालन करने से व्यक्तियों का जीवन कैसे सुरक्षित रहता है। कौशिक की वेलफेयर सोसाइटी ने सड़क सुरक्षा से संबंधित संकेतों स्टीकरो को छपवा कर वितरित किया। सड़क सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर होने वाली दुर्घटनाओं का चित्रण के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित पिछले बीते वर्षों के आंकड़ों को बताया गया, जिस में कितनी सड़क दुर्घटनाएं हुई कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई एवं कितने व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। जिससे वह सड़क सुरक्षा को गंभीरता पूर्वक अपने जीवन में हमेशा अपना कर अपने तथा जन सामान्य के जीवन एवं समय को बचाकर उसका सदुपयोग कर सकें।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## संक्षेप समाचार

### लकी ड्रा के नाम पर मिथिलेश कुमार से ठग लिया मोटी रकम

**कौशांबी।** इन दिनों ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य तेजी से सक्रिय हैं और आम जनता को तरह-तरह से झांसा देकर उनसे ठगी कर रहे हैं। जिले के भी कई लोग इस गिरोह के शिकार हो कर अपनी रकम गवां चुके हैं। चरवा थाना अंतर्गत ग्राम नया तालाब माजरा सैयद सरावा के मिथिलेश कुमार पुत्र स्वर्गीय गया प्रसाद को पोस्ट ऑफिस से 10 दिन पूर्व एक डाक आया जो हिमालया मेडिकेयर लिमिटेड का है लिफाफा खोल कर मिथिलेश कुमार ने देखा तो लिफाफे में मेगा विनर 2020-21 का कूपन है और हेल्पलाइन नंबर 7877583062 हैं। इस हेल्पलाइन नंबर पर मिथिलेश कुमार ने अपने मोबाइल नंबर से कॉल किया तो उपरोक्त कंपनी ने उससे कूपन स्क्रेच करने के लिए कहा और उसने कूपन स्क्रेच किया तो कंपनी ने कूपन स्क्रेच का नंबर पूछा मिथिलेश कुमार का कहना है कि कूपन स्क्रेच का नंबर 930456 बताया तो उसने मुझे मुझसे बताया कि आप 14,80,000 रुपए का लकी ड्रा विजेता हैं फिर कम्पनी द्वारा मुझसे कहा गया कि आपको 6% रुपए अदा करना है तब आपको लकी ड्रा विजेता मिलेगा।

## बदमाशों ने पुलिस पर झोंका फायर पुलिस जीप पर ट्रक से मारा टक्कर

### पुलिस ने गोंवंश से लदी ट्रक समेत दो बदमाश दबोचे

**कुंडा।** गोवंशों से लदी ट्रक गुजरने की सूचना पर प्रयागराज लखनऊ मार्ग पे हथिगवां थाना क्षेत्र के खिदिरपुर चैराहे पर चेकिंग लगाकर वाहनों की जांच कर रही पुलिस जीप को बदमाशों ने गोवंश से लदे ट्रक से टक्कर मारने के बाद पुलिस पर फायर भी झोंक दिया।पुलिस जीप पर मौजूद उदयपुर थाना प्रभारी उदय त्रिपाठी बाल बाल बच गये।जीप पर उदयपुर थाने के सिपाही भी थे।बदमाशों के ट्रक की टक्कर से जीप में सवार एक सिपाही घायल हो गया।पुलिस ने जबाबी कार्यवाई करते हुए गोवंशों से लदे ट्रक समेत भाग रहे दो बदमाशों को धर दबोचा। इस बीच मौका पाकर बदमाशों का एक साथी भागने में सफल रहा।सूचना पाकर सीओ कुंडा जितेंद्र सिंह परिहार भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पहुंच गए।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


गोवंश से लदी ट्रक ने पीछा करने पर पुलिस की जीप में मारी टक्कर

## अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में अधेड़ का शव पेड़ से लटकता मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कंधई इलाके के साल्हीपुर निवासी अशोक कुमार सिंह (55) अपने भाइयों से अलग गांव में स्थित सीएचसी के पास घर बनवाकर रहते थे। शुक्रवार को आधी रात के बाद तक वह घर में ही थे। शनिवार सुबह घर में न मिलने पर परिजन उनकी तलाश करने लगे तो करीब 100 मीटर दूर बबूल के पेड़ से उनका शव लटका मिला। अशोक का एक बेटा और दो बेटियां हैं। अभी किसी की शादी नहीं हुई है। उनकी मौत से बेटी, पत्नी रो रोकर बेहाल रहे। उनका रोना देखकर गांव के लोगों की भी आंखें नम हो गईं।


रोतेबिलखते परिजन

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**प्रतापगढ़।** मांधाता थाना क्षेत्र के धनीपुर खजोरी गांव के समीप ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। लोगों द्वारा बताया गया कि शनिवार की सुबह 7 बजे घर के सामने से गुजर रही ट्रेन।उसी दरमियान प्रदीप कुमार(28) पुत्र रामदेव ट्रेन की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी होते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों का भारी भीड़ जमावड़ा हो गया।क्षत-विक्षत शव देखने के बाद परिजनों में मचा कोहराम।पूछताछ में परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते शिक्षक

**धरना प्रदर्शन गोष्ठी आयोजित कर लंबे समय से अपने अधिकार की शिक्षक लड़ रहे लड़ाई नहीं हो सका समस्याओं का समाधान**


अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते माध्यमिक शिक्षक

**कौशांबी।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ लंबे समय से धरना प्रदर्शन उपवास कर सरकार का ध्यान आकृष्ट करा रहा है लेकिन शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के प्रति सरकार गंभीर नहीं है उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से समय-समय पर ज्ञापन दिया गोष्ठियां की गई एवं विधान परिषद में उठाए गए प्रश्नों के माध्यम से विद्यालयों की शिक्षा और उनमें कार्यरत शिक्षकों की समस्याओं के प्रति सरकार का ध्यान लगातार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ उठा रहा है लेकिन शिक्षकों की समस्याओं का समाधान अब तक नहीं हो सका है एक अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन अनुमन्य हो शिक्षकों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए महंगाई भत्ते को रोकी गई किस्तों को बहाल कर उसके अवशेष का भुगतान करते हुए महंगाई भत्ते को पूर्ववत रखा जाए सहित 14 सूत्रीय मांग पत्र को जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को भेजा है आज के इस आंदोलन का नेतृत्व संघ के जिला अध्यक्ष डॉ प्रभाकर द्विवेदी ने किया है इस मौके पर राजेंद्र यादव चंद्र भूषण पांडेय रामबाबू केशरवानी राज मणि त्रिपाठी सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

### डीआईओएस को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

कौशांबी जनपद मुख्यालय मंझनपुर के डायट मैदान परिसर में धरना प्रदर्शन उपवास कर आंदोलनरत शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि चयन बोर्ड से प्रेषित चैनल में प्रेषित नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र तत्काल उपलब्ध कराया जाए कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कॉलेज भरवारी के कई माह से लंबित वेतन तत्काल निर्गत किया जाए करारी इंटर कॉलेज करारी के प्रधानाचार्य का लंबित वेतन भी निर्गत किया जाना सुनिश्चित किया जाए आंदोलनरत शिक्षकों ने कहा कि शिक्षकों के लंबित अवशेष का भुगतान अविलंब किया जाए संविदा पर नियुक्त शिक्षक का मानदेय अभिलंब निर्गत किया जाए कार्यालय में पटल सहायकों का शिक्षकों के साथ व्यवहार आसम्मान जनक रहता है इसे तत्काल रोकने की अपेक्षा शिक्षकों ने की है इस मौके पर सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## पुलिस की जांच की दिशा को गलत बता रहे हैं हत्या मुकदमा वादी

**कौशांबी।** प्रमोद कुमार पांडेय की 8 जनवरी की रात हत्या कर दी गई थी मृतक के पिता सत्यदेव पांडेय पुत्र राम आसरे पांडेय निवासी सिंघवाल थाना कौशांबी ने कौशांबी थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया इस मुकदमे के खुलासे को लेकर पुलिस ने आशंका के आधार पर जब उसी गांव के दो लोगों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ शुरू किया तो मृतक प्रमोद कुमार पांडेय के पिता सत्यदेव पांडेय ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर पकड़े गए लोगों को निर्दोष बताना शुरू कर दिया है जिससे पुलिस की जांच की दिशा में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे सत्यदेव पांडेय ने कहा कि कौशांबी थाना पुलिस ने विनोद पांडेय सोनू पांडेय को गिरफ्तार किया है पुलिस इन दोनों लोगों को गलत तरीके से फंसा रही हैं और सत्य देव पांडेय का कहना है कि पुलिस सही अपराधी को पकड़े और पकड़े गए इन दोनों लोगो को पुलिस छोड़ दे।


वैक्सीन की जानकारी लेते जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह

## कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण का डीएम ने लिया जायजा

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरसवां पहुंचकर कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण से सम्बन्धित की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण स्थल, आब्जर्वेशन रूम एवं प्रसव कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एंव कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण के बारे में लोगों को जागरूक करें, कि इससे कोई भी साइट इफेक्ट नहीं होगा। जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों एवं मरीजों के साथ आने वाले लोगों को ठहरने के लिए रैन बसेरा बनवाये जाने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ शौचालय, पानी एवं साफ-सफाई की भी व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने का निर्देश उन्होंने दिया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रधानमंत्री द्वारा कोविड-19 वैक्सीन टीकाकरण के सम्बन्ध में हो रहे लाइव प्रसारण को भी देखा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मंझनपुर राजेश चन्द्रा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय गुप्ता, डॉ0 अनिल यादव, डॉ0 हिमांशु, डॉ0 हरिनाथ, डॉ0 आदिल सहित संबंधित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## महिला अफसर से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले में तैनात महिला अफसर ने दो जनवरी को इस मामले में लालगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को महिला अफसर के कोर्ट में बयान देने के बाद जिले के लोगों को मामले की जानकारी हो सकी। पुलिस के मुताबिक आरोपित गुरुविंदर सिंह निवासी बसंत नगर शाहजहांपुर को चेकिंग के दौरान शनिवार सुबह 4.30 बजे जनपद के अगई बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस का दावा है कि आरोपित के पास कार भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपित का लालगंज सीएचसी में चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद जेल भेज दिया। हालांकि लोगों में चर्चा रही कि आरोपित को तीन दिन पहले ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। शुक्रवार को महिला अफसर का कोर्ट में बयान कराने के दौरान मामला चर्चा में आ गया और घटना मीडिया में वायरल हो गई। ऐसे में शनिवार को उसकी गिरफ्तारी दिखाकर उसे जेल भेज दिया गया।

## रिटायर शिक्षक पर हमला कर घर में हुई लूटपाट

**कुण्डा।** रिटायर शिक्षक और उनकी पत्नी को बंधक बनाकर बदमाशों ने नकदी व जेवरात लूट लिया। शोर मचाने पर बदमाशों ने शिक्षक के सिर पर रॉड से प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को सीएचसी ले जाकर इलाज कराया। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

कुंडा थाना क्षेत्र के ओझा का पुरवा बसवाही निवासी सुरेश नारायण पाण्डेय (70) रिटायर शिक्षक हैं। उनके एक बेटे सत्यानंद रायबरेली में शिक्षक हैं। वह परिवार के साथ वहीं रहते हैं। दूसरे बेटे की मौत हो चुकी है। सुरेश नारायण घर पर पत्नी संवारी देवी के साथ रहते हैं। शुक्रवार रात बदमाश घर की चहारदीवारी कूदकर बरामदे में पहुंचे और फिर छत के रास्ते भीतर घुस गए। रात में लघुशंका के लिए उठे सुरेश नारायण की नजर बदमाशों पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचा दिया। इस पर बदमाश रॉड से उनके सिर पर प्रहार कर धकेलते हुए कमरे में ले गए। वहां उन्हें व पत्नी संवारी को बंद कर दिया। इसके बाद कमरे की आलमारी आदि तोड़कर उसमें रखे 70 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण समेत लाखों रुपये का सामान समेट लिया। बदमाशों के जाने के बाद सुरेश ने बेटे को फोन कर घटना की जानकारी दी। यूपी 112 पर फोन किया तो चैकी इंचार्ज विनीत उपाध्याय मौके पर पहुंचे। सुरेश को सीएचसी ले जाकर इलाज कराया। थाना प्रभारी डीपी सिंह का कहना है कि कुछ चोर भीतर घुसे थे। इतनी नकदी घर में रखने की बात हजम नहीं हो रही है। फिर भी पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## मानवता के लिए मिशाल बन रहे हैं एसएसआई रमेश कुमार राय

**प्रतापगढ़।** अन्तू थाने के बगल अस्वस्थ अवस्था मे एक गाय बछड़े को जन्म देने के बाद स्वर्ग सिधार गयी । ठंड लगने के कारण बछड़ा भी अस्वस्थ हो रहा था और बीमारी के चपेट मे आ रहा था ।जानकारी होने पर थाने मे तैनात एसएस आई रमेश राय ने तुरंत पशु डाक्टर को ढूढ़कर बछड़े का समय पर इलाज कराकर दूध पिलाया। जिसका परिणाम रहा कि बछड़ा कुछ घन्टों के अन्तराल के बाद बछड़ा स्वस्थ होकर टहलने लगा ।

एस एस आई रमेश राय के इस पुनीत कार्य की जानकारी होने पर क्षेत्रवासी उनके प्रयास की सराहना कर रहे हैं। हलांकि यह कोई पहला मामला नही है जब वे चर्चा का विषय बने हों और लोग उनकी सराहना कर रहे हों जबकि उनके द्वारा अक्सर जनहित मे ऐसे अनेकों कार्य किए जाते रहते हैं।जिसके चलते लोग उनकी व पुलिस टीम की सराहना करते रहते हैं।

## डीएम ने किया वैक्सीनेशन सेन्टर का किया निरीक्षण

**वैक्सीनेशन कराने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का जिलाधिकारी ने किया उत्साहवर्धन**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल एवं पुलिस अधीक्षक शिव हरि मीना ने जनपद के जिला महिला चिकित्सालय एवं ट्रामा सेन्टर रानीगंज में कोविड-19 वैक्सीन के टीकाकरण अभियान की शुरूआत के अवसर पर पहुँचकर टीकाकरण करा रहे स्वास्थ्य कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। टीकाकरण अभियान के दौरान जिला महिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य कर्मी राजीव त्रिपाठी को कोरोना वैक्सीन लगाकर टीकाकरण की शुरूआत की गयी। जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय में व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी से जानकारी प्राप्त की और टीकाकरण कक्ष, आब्जरवेशन कक्ष एवं वेटिंग कक्ष का जायजा लिया और टीकाकरण हेतु आये हुये स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि टीकाकरण कराने के पश्चात भी वह कोविड-19 के प्रोटोकॉल जैसे कि सोशल डिस्टेसिंग, हाथ को साबुन से धुलना/सेनेटाइजेशन करना, मास्क का प्रयोग करेगें और 28 दिनों के बाद पुनः टीकाकरण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि टीकाकरण की परिधि में कोई भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतयः वर्जित रहेगा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा में भी स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया गया।


वैक्शीनेशन सेंटर का जिलाधिकारी नेकिया निरीक्षण

### मेडिकल शिविर लगाकर वाहन चालकों के आंखों की जांच करायें : डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 18.01.2021 से 27.02.2021 तक) के दौरान प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गो/राज्य मार्गो पर होने वाली आसमायिक दुर्घटनाओं से बचाव हेतु मार्गो पर स्थित टोल प्लाजा तथा मार्गो पर पड़ने वाले जनपदीय बाईपासों एवं उनके मुख्य चैराहों के आस-पास समय-समय पर मेडिकल शिविर आयोजित करके व्यवसायिक एवं सामान्य चार पहिया वाहनों के वाहन चालकों की आंखों की मेडिकल जांच करायी जाये। उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्साधिकारी से सम्पर्क कर निर्दिष्ट निदेर्शानुसार मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कर सम्बन्धित स्थानों पर वाहन चालकों की आंखों की जांच करायी जाये।

## कौशल विकास हेतु विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय कौशांबी जनपद के विशेष संदर्भ में कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर था। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लवकुश यादव, अध्यक्ष प्रयागराज चैप्टर, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ने युवाओं में कौशल विकास एवं भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न रोजगार परक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को कौशल विकास हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर संजय मौर्य सहायक निदेशक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग इलाहाबाद ने विद्यार्थियों को एम एस एम ई के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही साथ विभाग की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। श्री मौर्य ने विद्यार्थियों को रोजगार प्रदाता बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आए हुए कौशांबी जनपद के जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त दिनेश कुमार चंद्रा ने विभिन्न प्रकार के व्यवसाय में जिला उद्योग केंद्र की क्या सकारात्मक भूमिका है एवं किस प्रकार एक उद्यमी जिला उद्योग केंद्र से विभिन्न प्रकार की सहायता प्राप्त कर सकता है, इसके विषय में जानकारी दी। अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष एवं कार्यशाला की आयोजक सचिव डॉ श्वेता ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रस्तावना प्रस्तुत करने के साथ ही अतिथियों का परिचय भी दिया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यशाला के समन्वयक डॉ विवेक कुमार त्रिपाठी ने किया अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक राहुल कुमार राय ने कार्यशाला के सहसंयोजक का कार्यभार संभाला।


कौशल विकास एवं रोजगार विषय पर कार्यशाला में सम्मानित करते मुख्य अतिथि

### भीषण ठंड के चलते बदला जाए स्कूल का समय

**कौशांबी।** इन दिनों मौसम परिवर्तन के चलते भीषण ठंड पड़ रही है दोपहर तक आसमान में घना कोहरा छाया रहता है जिसके चलते लोगों को घरों से निकलने में दिक्कतें होती हैं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुलायम सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया जाए जिससे शिक्षक शिक्षिकाओं को विद्यालय आने जाने में घने कोहरे और ठंड का सामना करने में अधिक दिक्कत ना हो उन्होंने कहा कि ठंड को देखते हुए विद्यालय के समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जाए दर्जनों शिक्षकों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर विद्यालय के समय में परिवर्तन की मांग की है।

## बिना मुआवजा दिए भवन गिराने की नोटिस से आक्रोशित हुए व्यापारी

**अझुवा कौशाम्बी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क चौड़ीकरण में लगे कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों के तानाशाही पूर्ण रवैया से आक्रोशित व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मामले के निस्तारण की मांग की है व्यापारियों का कहना है कि कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार नगर वासियों के साथ अन्याय कर रहे हैं और वह तानाशाही से लोगों के घरों दुकानों को धाराशाही करना चाहते हैं संस्था की तानाशाही के विरोध में व्यापारियों का आक्रोश स्पष्ट झलक रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर 6 लेन सड़क निर्माण का कार्य चल रहा जिसकी वजह से सड़क के किनारे के भवनों को गिराया जाना है जिसका कार्यदायी संस्था पीएनसी ने बिना मुआवजा दिए मकान ध्वस्तीकरण का दुकानदारों को नोटिस दिया है। व्यापारियों का कहना है कि उनके साथ यह अन्याय ह।


उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी